आई टी एल पब्लिक स्कूल
सामयिक परीक्षा 2 (2024-25)
पुनरावृति कार्यपत्रिका उत्तरकुँजी
विषय- हिंदी

दिनांक ः दिसंबर 2024 — कक्षाः चतुर्थ

समय ः 1 घंटा — कुल अंक ः 20

सामान्य निर्देश-

1)इस कार्यपत्रिका में 2 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 5 प्रश्न हैं।

2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3)सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

	भाग- क	
प्रश्न 1	दिए गए शब्दों के लिए अनेक शब्द लिखिए। (क) क्षम्य - जो क्षमा के योग्य हो। (ख) सदाचारी- जो अच्छा आचरण करता हो। (ग) सर्वज्ञ - सब कुछ जानने वाला। (घ) वाचाल- अधिक बोलने वाला।	
प्रश्न 2	निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द भरें । (क) राधा ने ...तुम्हें पत्र लिखा। (ख) तुम्हारे......... माली ने पेड़ से फल तोड़े। (ग) ......मुझे.........कुएँ से पानी खींचना पसंद है। (घ) ......यह ...... दीवार बहुत कमज़ोर है।	
प्रश्न 3	रेखांकित संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए। (क) माली ने <u>बच्चों को</u> पौधे दिए। उत्तरः (क) माली ने <u>उनको</u> पौधे दिए। (ख) <u>बिल्ली के</u> पैर में चोट लग गई। उत्तरः (ख) <u>उसके</u> पैर में चोट लग गई। (ग) <u>मैंने और राम ने</u> सामान खरीदा। उत्तरः (ग) हमने सामान खरीदा। (घ) पिताजी ने <u>पिताजी के</u> लिए कुरता खरीदा। उत्तरः (घ) पिताजी ने <u>अपने</u> लिए कुरता खरीदा।	
	भाग ख	
प्रश्न 4	दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।	

	एक बार गौतम बुद्ध एक गाँव में गए। वहाँ लोग अपनी अलग- अलग परेशानियाँ लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहाँ से लौटते।उसी जगह योगेश नाम का एक गरीब भी बैठा था। जब उसकी बारी आई तो वह बोला कि भगवन इस गाँव में सभी लोग सुखी व प्रसन्न हैं।फिर मैं ही क्यों दुखी व गरीब हूँ? महात्माजी बोले कि तुमने आजतक किसी को कुछ नहीं दिया इसलिए तुम गरीब और दुखी हो। उसने हैरान होकर पूछा- मेरे पास भला दूसरों को देने के लिए है ही क्या? महात्माजी बोले- दूसरों को देने के लिए तुम्हारे पास बहुत कुछ है। तुम्हारी मुस्कुराहट जिससे तुम लोगों में आशा का भाव भर सकते हो। मुख से मीठे बोल बोलकर दूसरों की प्रशंसा कर सकते हो। दो हाथ दिए है जिससे दूसरों की मदद कर सकते हो। ये तीन चीजें जिसके पास हो वे कैसे गरीब हो सकता है। योगेश को गौतम बुद्ध की सारी बात समझ आ गई और वह अब गरीब नहीं रहा । (क) लोग गौतम बुद्ध के पास क्यों आते थे ? उत्तरः लोग अपनी अलग- अलग परेशानियाँ लेकर उनके पास जाते और उसका हल लेकर खुशी-खुशी वहाँ से लौटते। (ख) योगेश की बारी आने पर उसने क्या पूछा? उत्तरः वह बोला कि भगवन इस गाँव में सभी लोग सुखी व प्रसन्न हैं।फिर मैं ही क्यों दुखी व गरीब हूँ? (ग) महात्मा जी ने किन तीन चीजों के बारे में बताया? उत्तरः ुस्कुराहट जिससे तुम लोगों में आशा का भाव भर सकते हो, मदद के लिए दो हाथ, मुख से मीठे बोल। (घ) लोगों में आशा का भाव कैसे भर सकते हैं? उत्तरः अपनी मुस्कुराहट से लोगों में आशा का भाव भर सकते हैं। (ङ) निम्न शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश मे से ढूँढकर लिखिए। कड़वे ——मीठे—————— अमीर ——गरीब——————	
प्रश्न 5	भाग ग निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (क)कविता 'कौन?' में बहुत से नुकसान गिनाए गए हैं।तुम्हारे हिसाब से कौन- सा नुकसान सबसे बड़ा है और क्यों ? उत्तरः हमारे हिसाब से कागज़ का नुकसान सबसे बड़ा नुकसान है क्योंकि कुछ कागज़ ऐसे होते हैं जो बहुत कीमती होते हैं।उनके कितने जाने से जान व माल दोनों का नुकसान हो जाता है। (ख) कवि ने चूहे को कबाड़ी क्यों कहा है? उत्तरः कवि ने चूहे को कबड्डी इसलिए कहा है क्योंकि वह कुतरे हुए सामान से घर को भर देता है।	

	(ग) कंजूस राजा के पास किस प्रकार के लोग आते थे? उत्तरः कंजूस राजा के पास एक से एक नामी लोग आते थे किंतु गरीब ,दुखी और सज्जन लोग नहीं आते थे क्योंकि वहाँ पर उनका आदर सत्कार नहीं होता था। (घ) राजा से सहायता माँगने आए लोग निराश क्यों हो गए? उत्तरः राजा द्वारा सहायता करने से इनकार कर देने पर लोग निराश होकर लौट गए। (ङ) शब्द अर्थ लिखिए। (क) प्रकोप- बुरा प्रभाव (ख)राहत- आराम या चैन	